Past economics thinkers said to produce everything to the maximum and consume minimum. i.e.develop contentment. Then there will be no scarcity. While making use of natural resources also take that much which is necessary. Do not exploit. Environment remains unpolluted despite development taking place. Give more than you take should be the principle of Indian MBA.

Shri Bhagaiyaji reminded about so many permanent service Projects being run by our branches and termed it as Models of service conveyed congratulations to the workers. He stressed the need for remaining united by gentlemen. He wanted that we should implement in our life the principles of Pt.Deendayalji. We should give equal respect to a sweeper a servant a poor etc remembering their useful contribution to the society and help for their upliftment.

Shri O.P.Kohliji recalled his stay in Delhi, very near to a place where Dr. Suraj Prakash founder of BVP used to stay and work. He was happy to see a small seed now developed as a grown up tree. A nation is not just a piece of land or a constitution. It is rather self-respect. As for as India is concerned, we might have been defeated politically, but not mentally. Our mental freedom was retained even during about 1000 years of Muslim rule. However, only 187 years slavery of the British hav brought lasting changes in many respect. If we wish to go back to original glory. We will have to give emphasis on society controlled by religion after understanding true meaning of religion (Dharm).

Entire programme was conducted by zonal secretary Dr. Jagdish Rama. He acknowledged the presence of dignitaries, talked about various permanent project, introduced important office bearers and showed a documentary on Viklang Centre.

### PLACE / DATE / VENUE/ NO. OF PARTICIPANTS IN THE REGIONAL WORKSHOP 2016-17

| Regional | Date | Venue | Prant/Participants | National/Regional/Prant/Total participants |
|---|---|---|---|---|
| North | 23-24 April, 2016 | Delhi | 12*4=48 | 12+15+48=75 |
| West | 23-24 April, 2016 | Nasik | 5*4=20 | 14+9+20=43 |
| North Central | 30 April 1 May, 2016 | Moradabad | 11*4=44 | 8+21+44=73 |
| East | 30 April 1 May, 2016 | Puri | 11*4=44 | 11+14+44=69 |
| Central | 30 April 1 May, 2016 | Bhopal | 13*4=52 | 10+14+52=76 |
| South | 07-08 May, 2016 | Bangalore | 6*4=24 | 7+9+24=40 |

**Ajay Dutta**, National Secretary General

## MINUTES OF APEX BODY

**Faridabad** : The meeting of the apex body was held at Kisan Bhavan Faridabad on 26.2.2016 after recitation of national song Vande Matram, Shri Sitaram Pareek National President welcomed the apex body members. Following members were present in the meeting.

Shri Sitaram Pareek, Shri Surinder Kumar Wadhwa, Shri B.Ch.V.(Ashwini) Subba Rao, Shri Harish Jindal, Shri Yash Paul Gupta, Shri Bhupender Mohan Bhandari, Shri P.K.Jain, Shri Ajit Ramanlal Shah, Shri Ajay Dutta, Shri Sachidananda Panda, Dr. S.C.Gupta, Shri O.P.Kanoongo, Shri Shriniwas Bihani, Shri Chander Sain Jain, Shri Nidhish Gupta, Shri Sanjeev Kumar Bansal, Dr. R.B.Srivastava, Shri Girish Prasad Singh Dr. Indira Barthakur, Shri D.D.Sharma, Shri Ashok Jadhav, Shri Raj Kumar Bhagat, Shri V.Shankar and Shri Keshav Dutt Gupta.

The minutes of the last apex body meeting were read by Ajay Datta National Secretary General. Minutes were approved by the house. Proposed amended constitution was presented after inclusion of all the suggestions and quarries by the members. Shri V.S. Kokje presented it and clarified the quarries, the same was declared passed by the house. Organizing Secretary presented the proposals for division of Punjab north is proposed into two e.g. Punjab North and Punjab West. Division of Mahakaushal and Vindhya. The state of Maharashtra II has been divided in Maharashtra West, Vidharbh, Devgiri. State of Delhi is proposed to divide in six prants as Delhi North, Delhi Central, Delhi South East, Delhi South West, Delhi East and Delhi North East. The proposals were passed unanimously.

The statistical report of the construction of Central Office building was presented by Chander Sain Jain. He told the house that the conference hall and room with toilets on the first floor is renovated and one room near the conference hall is added. On the second floor 3 dormitories and 2 rooms with attached toilets and 2 separate toilets are constructed. On the third floor 2 dormitories and toilets are constructed. Additional facility of lift has been provided. Open ground is covered by paver. Reception room and inner courtyard has been elevated with the height of verandah. The total cost of the whole in approximately 80 lakhs.

According to new constitution the team was proposed as 1. National President 2. National Secy. General 3. National Finance Secretary. 4. National Vice President HQ 5. National Vice President North 6. National Vice President North Central. 7. National Vice President East 8. National Vice President Central 9. National Vice President West 10. National Vice President South.

For the National Office Bearer election Shri S.N. Panda was nominated as returning officer. Shri Harish Jindal National Vice President was honoured as Vikas Samarpit after completion of 75 year of his age. Shri V. Bhagaiah asked to utilize the long experience of Shri Harish Jindal ji. The search for talented and experienced persons should continue. We should try to invite such persons. Our mission is to prant honour; social and system transformation. We are doing this through our projects and programmes. He appealed to apex body member to plan for 10 years. Secretary General Shri Ajay Datta extended vote of thanks to the house.

## आश्चर्यजनक किन्तु सत्य

अमेरिकी वैज्ञानिक ऐजेन्सी नासा में भर्ती होने वाले वैज्ञानिकों के लिए 15 दिन की संस्कृत कक्षाएँ लगाई जाती है। इसमें आर्य भट्ट और बराह मिहिर द्वारा प्रतिपादित वैज्ञानिक सिद्धान्तों के अलावां मय दानव के सूर्य सिद्धान्त को भी पढ़ाया जाता है। नासा के अतिथि वैज्ञानिक डॉ. ओम प्रकाश पांडेय के अनुसार मयदानव ने 500 बी.सी. में सूर्य सिद्धान्त के द्वारा यह सद्ध किया था कि पृथ्वी अपनी धुरी के अलावां सूर्य का भी चक्कर लगाती है। मय दानव ने एक साल की अवधि 365-24 दिन बताई थी। वर्तमान गणना में यह केवल 1.4 सेकेण्ड की त्रुटि मिलती है।

## नशा मुक्ति : एक सकारात्मक पहल

नशेड़ी परिवार के बच्चे, डरे बेचैन, भयग्रस्त, कही पिता जी का एक्सीडेंट न हो जाए, कहीं सड़क पर न पड़े रहे। ऐसी आशंकाओं से बचपन मरने लगता है। वे ही भावना से ग्रस्त हो जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों पर सकारात्मक पहल की गई। गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता रैली में स्वयंवर नाटिका के द्वारा। कोई लड़की नशेड़ी को अपना पति न चुने। नृत्य नाटिका 'नशा ने छोड़ो रे' के द्वारा नशे के प्रभाव का मंचन किया गया। डॉ. विशाखा बंसल ने नशा नृत्य में भाग लिया। राम चन्द्र मिशन के प्रशिक्षक डॉ. सुबोध शर्मा ने योग और ध्यान से एकाग्रता विकसित करने के गुर बताए। रैली के द्वारा भ्रूण हत्या, स्वच्छता, बेटी बचाओ का संदेश दिया।

## ब्रज प्रदेश

**एटा :** शाखा द्वारा आयोजित विवेकानन्द चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। तनु यादव, अर्चिता, शिखा, सलोनी, वैष्णवी, सुमित, आकांक्षा, पूजा, विभा, साक्षी, निधिता ने तालियाँ बटोरी। सुपर कन्वेंट स्कूल के अंजली, पियूष, अंशुल ने पुरस्कार जीते।

## हस्तिनापुर

**शास्त्री नगर-मेरठ :** शाखा ने विवेकानन्द जयन्ती पर खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें बच्चें को पुरस्कृत किया गया।

**अमेटी-मुजफ्फरनगर :** शाखा द्वारा प्रतिदिन गौमाता सेवा के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्नति शाखा के साथ टी20 क्रिकेट मैच में नवीन सिंघल, विवेक शर्मा आदि का सानिध्य रहा। वंचित विद्यार्थियों के लिए झूले, राइड्स और प्रेरक मूवी, एअरलिफ्ट का प्रदर्शन किया गया।

**विवेक मुजफ्फरनगर :** शाखा द्वारा निर्धन असहाय लोगों के मध्य खिचड़ी वितरण तथा जाड़े के मौसम में कम्बल बांटे गये। गणतंत्र दिवस पर स्टेशनरी तथा मिठाई वितरण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. कुलश्रेष्ठ ने कहा कि गरीबो की सेवा करने से उनकी दुआ मिलती है और हमारा जीवन सफल हो जाता है।

## काशी प्रदेश

**श्रद्धा वाराणसी :** शाखा द्वारा सेवा वर्ष के पूर्व होने पर डोमरी गाँव में प्रौढ़ शिक्षा कक्षा प्रारम्भ किया गया तथा कम्बल वितरण किये गये। राधाकृष्ण आश्रम में वनवासी छात्राओं को खाद्यान्य, खिचड़ी प्रदान की गई। आर्य महिला पी.जी.कॉलेज में महिला सुरक्षा में 'संचार माध्यम' विषय पर गोष्ठी में प्रो. रीता सिंह ने संबोधन दिया। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वाराणसी पर्यावरण निर्देशालय और शाखा द्वारा पोलीथीन मुक्त स्वच्छ वाराणसी के लिए महारैली का आयोजन हुआ। टाउन हॉल, चौक, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद घाट, सरस्वती कन्या इण्टर कॉलेज होकर समापन पर गंगा की दुर्दशा पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के डॉ. मो. सिकन्दर, जमुना शुक्ला, अल्पना चौधरी ने जूट और कपड़े के थैलों के प्रयोग की अपील की। प्लास्टिक की गैस, पोलीथीन से नाली के बंद होना तथा पशुओं के लिए पोलीथीन के नुकसान से जनता को अवगत कराया गया।

**वरूणा-वाराणसी :** शाखा द्वारा कुमारी पूजा मिश्रा, निवासी जिला चन्दौली का हृदय रोग ऑपरेशन के लिए सहायता राशि प्रदान की गई। पूजा का ऑपरेशन 23 फरवरी, 2016 को जयपुर के नारायण अस्ताल में सम्पन्न हुआ। श्री रमेश लालवानी के मार्गदर्शन और सहयोग से शाखा द्वारा लगभग 20 ऑपरेशनों के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। **बधाई।**

**नारायणपुर मीरजापुर ( वाराणसी ) :** शाखा द्वारा पकड़ी ग्राम को गोद लिया गया तथा 4 शौचालयों का निर्माण कराया गया। सीढ़ी द्वार से गंगा घाट तक सीढ़ी का निर्माण कराया गया। श्री प्रेमी सिंह, निवासी केलना के सहयोग से स्वामी विवेकानन्द पार्क के मुख्य द्वार का निर्माण कराया। श्री राकेश सिंह (प्रबन्धक सनवीम स्कूल) ने अपने बड़े भाई स्व. योगेन्द्र सिंह की स्मृति में धर्मशाला का निर्माण कराया। प्रान्तीय उपाध्यक्ष डॉ. भगवान दास सिंह के सहयोग से पार्क में स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा लगाई गई। सामुदायिक भवन का शिलन्यास हो गया। शेरचुर स्थित हनुमान मंदिर के पास संकट मोचन घाट पर सीढ़ी का निर्माण विधायक श्री जगदम्बा सिंह पटेल के सहयोग से सम्पन्न होगा।

## ब्रह्मावर्त

प्रान्त स्तरीय सामूहिक सरल विवाह का आयोजन रामाकृष्ण शाखा कानपुर द्वारा सम्पन्न हुआ। समारोह में 28 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। समारोह में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार वधवा, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानन्द, राष्ट्रीय संरक्षक श्री रामशरण श्रीवास्तव सहित शाखा अध्यक्ष अमित अग्रवाल तथा सदस्यगण अतिथि रहे। श्री विष्णु सहाय, ब्रजेश शर्मा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, बेटी नहीं बचाओगे तो बहू कहाँ से लाओगे आदि का बैनर लगाये गये। समारोह में 7 नये सदस्य बनाये गये।

**गोविन्द कानपुर :** शाखा द्वारा 317 बच्चों को स्वेटर तथा 15 शिक्षकों को कम्बल दिये गये। कला बाबा आश्रम में टाट पट्टी की व्यवस्था की गई। 72 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। 15 मरीजों को नेत्र लेंस लगाया गया।

**फर्रुखाबाद सहयोग :** सहयोग शाखा द्वारा राष्ट्रभक्ति व राष्ट्र द्रोह विषय पर कैन्डिल मार्च का आयोजन हुआ। जे.एन.यू. के मुद्दे पर देश द्रोहियों को कड़ी सजा देने की मांग की गई। तीन शाखाओं तथा सामाजिक संस्थानों के 250 लोग सम्मिलित हुए। अध्यक्ष के. पाठक, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, विनोद सैनी, व्यापारी नेता अरुण प्रकाश तिवारी ने नेतृत्व किया। शाखा द्वारा प्रतिवर्ष सीतापुर नेत्र चिकित्सा के परिसर में निर्धन वर्ग के लिए नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 20 फरवरी को डॉ. विपुल अग्रवाल के निर्देशन में डॉ. अरविन्द कटियार, डॉ. प्रदीप टोपो ने 144 मरीजों की जांच की तथा 35 मरीजों का ऑपरेशन सम्पन्न किया गया। मरीजों को चश्मा तथा दवाईयाँ नि:शुल्क वितरित की गई। प्रभारी राजेश अग्रवाल ने व्यवस्था संभाली।

## अभिनन्दन नव वर्ष तुम्हारा

जन जन को लगता है प्यारा, सदियों तक रहे साथ हमारा
खुशी में झूम उठे जग सारा, अभिनन्दन नव वर्ष तुम्हारा.....

हमको है पूरा विश्वास, स्वप्न सभी होंगे साकार
कोई न होगा कभी निराश, पायेंगे सुख शान्ति अपार
प्रेम, एकता, भाई चारा, गुंजेगा जय हिन्द का नारा
बन जाओं निर्बल का सहारा, अभिनन्दन नव वर्ष तुम्हारा.....

शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ सुरक्षा, बदलेगें भारत का नक्शा
करेंगे सदा जो होगा अच्छा, मार्ग दिखाओं सबको सच्चा
कुदरत का सब खेल है सारा, क्या सुनाऊँ तुमहे यारा
दिल दिया तुझको दिलदारा, अभिनन्दन नव वर्ष तुम्हारा.....

हृदय में सद्भाव जगाओ, इस धरा को स्वर्ग बनाओं
गीत खुशी के हरदम गाओ, देश प्रेम की धरा बहाओ
फैले सुख शान्ति उजियारा, रामराज्य आयेगा दुबारा
समझ गये समय का ईशारा, अभिनन्दन नव वर्ष तुम्हारा.....

देश में हो प्रगति और प्रीत, याद न आये कभी अतीत
निभाओं जग की पुरानी रीत, 'यादव' के बन जाओ मीत
तभी मिलेगा कोई किनारा, जिसने अपना जीवन संवार
पाप का बोझ सर से उतारा, अभिनन्दन नव वर्ष तुम्हारा.....

– **रामचरण यादव**, बैतूल (म०प्र०)

## पश्चिम उत्तर प्रदेश

**वैशाली :** परिषद् की वैशाली शाखा का गठन में गरीब विद्यार्थियों को सहायता प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी को श्री सुनील गुप्ता, मनीष जोशी और प्यारे लाल राजदान को, क्षेत्रीय महामंत्री राजीव गोयल ने शपथ दिलाई। श्रीमती इन्दू वार्ष्णेय ने महिला सक्रियता पर बल दिया। संयोजक मनोज अवस्थी ने सामाजिक संभावनाओं और आवश्यकताओं पर खरा उतरने का आह्वान किया।

## कोशी बिहार

**बेगूसराय :** शाखा द्वारा सर्दी के प्रकोप से बचने के लिए जरूरतमंदों में कम्बल वितरण किया गया।

## राजस्थान मध्य

**प्रताप भीलवाड़ा :** शाखा द्वारा 11 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण किये गये। युवा दिवस पर स्वामी विवेकानन्द से सम्बंधित 251 पुस्तकें बाँटी गई।

**बडगाँव तहसील ( भीलवाड़ा ) :** होम साइंस कॉलेज की राष्ट्री सेवा योजना जल छात्राओं ने नुक्कड नाटक प्रस्तुत कर 'शादी के फेरे से भी अधिक महत्वपूर्ण है पानी का आना' विषय पर प्रस्तुति दी। डॉ. पी.सी.जैन ने कहा कि सूखे कुए, बावड़ी, टयूबेलों को वर्षा जल सरंक्षण से भरते रहना चाहिए। जल गीत नृत्य तथा पोस्टर प्रतियोगिता भी सम्पन्न हुई।

**अजमेर :** शाखा द्वारा प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक में परिषद् की मूल भावनाओं का वर्णन करते हुए संस्कार और सेवा प्रकल्पों की चर्चा की। शिक्षा राज्यमंत्री प्रो. वासुदेव देवनानी ने परिषद् के द्वारा नागरिकों के विकास पर बल दिया। शिव शंकर हेडा ने परिषद् के प्रकल्पों का वर्णन किया।

## राजस्थान पश्चिम

**पचपदरा सिटी ( बाड़मेर ) :** राजस्थान में कलयुग के अवतार बाबा रामदेव की आस्था में लगातार इज़ाफ़ा हो रहा है। धार्मिक यात्रा पर निकले यात्रियों की सुविधा के लिए शाखा द्वारा चल कैंटीन चालू की गई। श्री जय किशन सोनी तथा अरविन्द मदानी ने कैंटीन का प्रारम्भ किया तथा सेवा समिति द्वारा यात्रियों के लिए रेडियम वेल्ट का वितरण किया गया। यह प्रभु दर्शन को जा रहे यात्री सेवा नहीं वरन प्रभु की सच्ची सेवा है। शाखा द्वारा गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम में 10 बालकों तथा 3 अध्यापकों को सम्मानित किया गया। महालक्ष्मी माध्यमिक विद्यालय में संयुक्त महामंत्री श्री डी.डी.शर्मा उपस्थित रहे। अध्यक्ष ओम प्रकाश ड्रोलिया ने धन्यवाद दिया।

## राजस्थान दक्षिण

प्रान्तीय बैठक में 44 शाखाओं की आख्या प्रस्तुत की गई। मेवाड, सुभाष व आजाद शाखा को पुरस्कार मिला। ग्रामीण शाखाओं के अन्तर्गत परतापुर, कपासन और भीलूड़ा शाखा को सम्मानित किया गया।

**भामाशाह-उदयपुर :** सेन्ट्रल एकेडमी उदयपुर में हरित बाल गोकुलम के अन्तर्गत छात्रों को वृक्षरोपण तथा पर्यावरण संबंधी जानकारी दी गई।

## राजस्थान दक्षिण पूर्व

**रावतभाटा :** शाखा द्वारा ग्राम गोपाल पुरा कालूपुरा को समग्र ग्राम विकास के लिए स्वीकृत किया गया है। इस ग्राम के मुक्तिधाम में टीन शेड, पाइप लाइन डालना, सामुदायिक भवन का निर्माण आदि किये जायेंगे। सरपंच कन्हैयालाल भील ने सहयोग का आश्वासन दिया।

## राजस्थान उत्तर

प्रान्त की अनूपगढ़, विजयनगर और घड़साना शाखा द्वारा 27 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। विजयनगर शाखा द्वारा 31 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। करणपुर शाखा द्वारा 33 यूनिट रक्त दान किया गया। नागौर, रवीबर, जायल शाखाओं एवं नाहटा ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त 1 लाख कम्बल बांटे गये। परवतसर शाखा द्वारा 350 कम्बल, 375 स्वेटर वितरण किये गये। पीलीबंगा शाखा द्वारा 62 स्वेटर, जूते व मोजे बांटे गये।

## भारत में नारी

दुर्दशा उस देश की कन्याओं की पहचान है,
जिस देश में कन्याओं की पूजा का प्रावधान है।
बाप के घर में पराया धन रही कन्या सदा,
पति कब घर से निकाले इसका नहीं अनुमान है।
पोता हो पैदा हो दादी फिरती लड्डू बांटती,
पोती पैदा हो तो लगता घर हुआ शैमशान है।
सदियों की अवधारणा को आज भी हम जी रहे,
सब समझते हैं कि नारी भोग का सामान है।
गर्भ में कन्या भ्रूणों की हत्या, बहू कल कहाँ से लाओगे।
'सरल' इस चिन्ता को लेकर हर कोई परेशान है।

**-गोविन्द चावला,** अम्बाला

## राजस्थान उत्तर पूर्व

**प्रताप जयपुर :** शाखा द्वारा होटल कारपोरेट इन राजापार्क में कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें डॉ. अरुणा गुप्ता ने ध्यान और योग का जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. विकास सक्सेना ने हार्टफुलने (ध्यान का आसान तरीका) के बारे में बताया तथा अभ्यास कराया।

## महाराष्ट्र-1

**प्रान्तीय अध्यक्ष श्री एस.एस.गुप्ता जी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर उनसे मिलने दिल्ली गये। 40 मिनट की चर्चा में श्री गुप्ता ने परिषद् द्वारा किये गये कार्यों तथा प्रकल्पों की जानकारी दी एवं उन्हें याद दिलाया की जब वे मुख्यमंत्री थे तब साल का एक कार्यक्रम भारत विकास परिषद् का अटेंड करने का वादा किया था। प्रधान मंत्री जी ने परिषद् से अपने संबन्धों की यादें ताजा की।**

**भाईंदर :** शाखा द्वारा चौपाटी के जैसलपार्क मे राम भक्ति, राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चित्रकार बाबा सत्यनारायण मौर्य की कलाकृति रामभक्ति मंच पर ली थी। बाबा के जोशीले काव्य और तीखे व्यंगों की परिचित शैली में प्रस्तुत किया। श्रोताओं ने हाथ पर दीपक जलाकर पुष्प वर्षा व आतिशबाजी की। महापौर गीता जैन, नरेन्द्र मेहता, प्रताप सरनाइक के साथ अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। क्षेत्रीय संरक्षक वीरेन्द्र याज्ञनिक तथा ओ.पी.कानूनगो ने भी विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने आभार किया।

## पंजाब उत्तर

**टैगोर लुधियाना :** शाखा द्वारा बाल मजदूरी कर रहे बच्चों को गर्म कपड़े दिये गये। जरूरतमंद 118 लड़कियों को एक लाख चौवन हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। 35 जरूरतमंदों को हियरिंग एड मशीन दी गई। स्कूल में 100 कॉपियाँ, पेंसिल दी गई।

**जालंधर-गौरव :** शाखा द्वारा 140 बच्चों को ड्रेस वितरण किया गया। शाखा द्वारा संचालित पहला कदम स्कूल के बच्चों को छात्रवृत्ति दी गई। मेडिकल कैम्प में 110 मरीजों का परीक्षण किया गया।

**तलवारा :** शाखा द्वारा गरीब कन्या की जीविका के लिए सिलाई मशीन दी गई।

## पंजाब पूर्व

**चण्डीगढ़ पश्चिम-2 :** शाखा द्वारा तीन मंदिरों पर गौ ग्रास योजना का शुभारम्भ सेक्टर 38, 40, 24 के मंदिरों पर गऊ ग्रास के लिए बर्तन रखे गये। इन बर्तनों में रोटी, गुड़, चारा आदि गायों के लिए बड़ी मात्रा में एकत्र हुआ। सचिव सुभाष मारवाह द्वारा प्रेषित।

## हरियाणा पश्चिम

**हांसी :** शाखा द्वारा अशोक कनौजिया निदेशक पिछड़ा वर्ग विकास निगम नियुक्त होने पर नगर की शैक्षिक, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं द्वारा उनका सम्मान किया गया। शाखा द्वारा स्कूल में बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पूजा और दीपिका वरिष्ठ वर्ग और मनीष और पंकज ने बाजी मारी। कनिष्ठ वर्ग में मोनिका और नेहा तथा कुशल और सौरभ ने बाजी मारी।

## हरियाणा उत्तर

**अम्बाला छावनी सदर :** शाखा द्वारा छः मास का

पाठ्यक्रम सिलाई, कढ़ाई केन्द्र पर पूरा करने के बाद छात्राओं को प्रमाण पत्र दिये गये। पिछले वर्षो से इस केन्द्र पर अबतक 1500 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रो.एम.के.शर्मा प्रभारी ने बताया कि केन्द्र की महिलाओं ने इसे जीविका का साधन बना लिया है।

**करनाल अभिमन्यु :** शाखा द्वारा पारिवारिक सत्संग में कविता मल्होत्रा के निर्देशन में महिला बैठक आयोजन हुआ। जरूरतमंद महिलाओं को 5 सिलाई मशीने भेंट की गई।

**कैथल :** शाखा द्वारा सुन्दर काण्ड, महिला सम्मेलन, लोहड़ी उत्सव तथा गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया।

## दिल्ली दक्षिण

**जनकपुरी-ए ब्लॉक :** शाखा द्वारा सिन्ध से आये शरणार्थियों को 115 कम्बल दिये गये। 2 निर्धन कन्याओं के विवाह में सहयोग किया गया। डेंटल वैन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में दन्त परीक्षण कराया गया। स्वदेशी चिकित्सा पर गोष्ठी का आयोजन हुआ।

## दिल्ली उत्तर

**महर्षि दयानन्द शालीमार बाग :** शाखा द्वारा 28 फरवरी को 14वां ग्यारह कुण्डलीय यज्ञ आर्य समाज, बीडी ब्लॉक, शालीमार बाग के सहयोग से ए.सी. ब्लॉक अपना पार्क में किया गया जिसमें 44 यजमान श्रीमती एवं श्री तरुण मल्होत्रा सहित लगभग 150 लोगों ने मंत्रोचाण करते हुए आहुति दी। प्रान्तीय अध्यक्ष संजीव मिगलानी और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों का सानिध्य रहा। शाखा सचिव राधेश्याम अग्रवाल, जगदीश राम जिन्दल, बजरंगदास जिन्दल, सुशील अग्रवाल व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। शाखा संरक्षक एम.एल.गक्खड़ ने परिषद् के बारे में विस्तार से बताया। यज्ञ के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

## मध्य भारत उत्तर

**वीर तात्याटोपे ( शिवपुरी ) :** शाखा द्वारा गणतंत्र दिवस पर वन्दे मातरम् बोलो लक्की ड्रॉ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में फोन पर वन्दे मातरम् बोलने के लिए श्योपुर, ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, गुना, आगरा, झाँसी, कोटा, चेन्नई के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। देशभक्ति जागरण के इस कार्यक्रम में दो घण्टे के सीमित समय में 2856 फोन कॉल आयोजकों को प्राप्त हुए। लक्की ड्रॉ के आधार पर प्रथम आशिक अली, द्वितीय लुकवासा की रजनी जैन, तृतीय कोलारस के अरविन्द कुमार को मिला। सान्तवनां के 11 पुरस्कार सीमा, उमा, दिनेश, सरीता, जतिन, दिलीप, दिनेश शुक्ला, दीपिका, दिनेश कुशवाहा, राम चन्द्र, अमन को प्राप्त हुए।

**डबरा :** शाखा द्वारा ब्रन्दा सहाय महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में स्वच्छता अभियान पर चित्र बनाए गये। बच्चों को ज्योति अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। बाला जी स्कूल के बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाया।

## असम

**तेजपुर :** शाखा द्वारा असम के मोगली बिहू का उत्सव सम्पन्न हुआ। 160 कम्बलों का वितरण नोलेनिडवा, घाटगांव और सोलागांव में किया गया। गणतंत्र दिवस पर क्लीन इंडिया के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान लिया गया। इसके अन्तर्गत ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे गणेश घाट की सफाई की गई।

## JAMMU & KASHMIR

**Jammu West:** Republic Day was celebrated by the Branch members at Sarwal Chowk with great fervour and enthusiasm. PARIVAR SANSKAR/SAMPARK MILAN TRIP was conducted to Pondicherry/ Kanchipuram/Vellour/ Romeshwarm/ Kanyakumari from 24 to 31st January in which 22 members participated.

## PUNJAB SOUTH

**Jaitu :** Under the Mass marriage project, marriage of three poor & needy girls was arranged at BVP Bhawan Jaitu on 31/1/2016. All needful things were given to the newly wed couples. Anand Karj was done in the presence of Guru Granth Sahib. This project costed about 150000/-.

## PUNJAB NORTH

**Dr. Kitchlu, Ludhiana :** For good health, happiness, prosperity and welfare for all in the society, HAWAN-YAGYA and Prayers were organized on January 31, 2016 at the residence of Mrs. Meena & Mr. Ashoka Sachdeva. Shri Rajedra Shastri ji of Arya Samaj, Model Town was the Yagya Brahma. In addition to conduction the HAWAN-YAGYA, he also gave an educative discourage on the usefulness, basic philosophy and procedures of the Yajya-Hawan in our daily life. About 45 members joined and enjoyed the divine environment.

**Urban State Jalandhar :** Branch donated Rs. 51000/- to Nd Victor Sr. Secondary School to help the poor and needy students.

**Gurdaspur :** The 150th jyanti of Lala Lajpat Rai was celebrated in the HRA International School Gurdaspur. The function was presided over by Smt. Ravinder Kaur principal. The students made speeches about Lalaji and they were awarded. Sh Jagdish Raj Arora main speaker of the Day delivered an impressive speech about the life of Lala Lajpat Rai. Sh Hira Mani Aggarwal, chairman of the school and

Smt. Ravinder Kaur Principal praised and thanked the Bvp team.

## PUNJAB EAST

**Ghagga :** Branch had organised first kabbadi cup in Ghagga. This kabbadi cup was 28 & 29 Jan 2016. The chief guest of first day in this kabbadi cup was madam Sheema Joshi President of Bharat vikas parishadPunjab East with Baljinder Bitu ,Gopal sharma & all state , region ,distt team, On 2nd day bibi Vinder kaur Lumba M.L.A. Shutrana.In this kabbadi cup the first prize was 41000 2nd 31000 Rs 21000 Rs 18000 Rs 15000 Rs 11000 in four categories.The total amount of this project was Rs 5 lakh. Our 2nd partner was Nagar pancyant Ghagga in this kabbadi cup.

**Chandigarh East :** Branch organized a mass marriage at Laxmi Narayan Mandir. 9 poor and needy girls were married in a well-organized function. Marriage ceremony was followed by dinner for 800 people.

## HARYANA NORTH

**Siwan, Kaithal :** Branch organized Saral Marriage of five couples solemnized on 12th February by branch Dr. K.K. Khurana Prantiya General Secretary, Prof. M.P. Gupta, Patron Dr. Ashok Garg & many state functionaries blessed the newly weds. Assistance of more than one lakh collected from public & own funds was given to each of the couple to start their newly married life. Approx.. three hundred members were present there.

**Suraj Panchkula :** the branch started a student development Centre for coaching of Jr. Class students organized a Picnic – Cum - Praudh Goshthi where A.P.Goyal addressed a joint meeting to emphasize praudh sanskar

## PRAYAG

**Tejaswini** : The branch created awareness against cancer in poor and Jhuggi Basti. Usha, Mutani and Madhubala were present.

## ASSAM

**Karimganj :** Branch organized an Agriculture Training Camp at village Malua. Agriculture socialist Sri Bhesker Baruah and Ranjit Bordoloi gave valuable advice on improved technology and increase in crop production.

## GUJARAT CENTRAL

**Anandnagar :** Branch distributed 25 sewing machines to the poor and widows women by Courtesy of Saurashtra prant. Donar Shri Rajeshgiri Premgiri Goswami was felicitated by the branch.

## MAHARASHTRA-I

**Mumbai :** The branch launched '*Beti Bachao Beti Parao',* Rao Saheb Danve Minister for Bal Kalyan and Pankaj Tai Munda expressed her cooperation from the center.

## KARNATAKA SOUTH

**Vidyaranya, Bengaluru :** Branch arranged for distribution of prizes to the best four of the participants from schools in Essay Writing competition held in connection with Birthday celebrations of Swami Vivekananda in January 2016. Shri M.Vittoba Setty, Prant General Secretary gave away prizes to the winning students from Cadambi,New Cambridge, and Cordial Schools. Shri K.V.Rao, Shakha President spoke appreciatively about the standard of performance of the students. Branch organised GVCA Programme at Shree Sharada Education Centre,Vijayanagar,Bangalore on 8th February 2016. Three outstanding and experienced Teachers identified this year by the Principal of the Institution Smt. Geetha were honoured and the teachers in turn felicitated and blessed 7 toppers among the students.The Teachers(Gurus) honoured are Smt.Kavita, Smt.Shashikala and Kumari Shobharani.The students (Chathras) felicitated are Chiranjeevis Bhavani Singh,Shankar,Kishan, Abhishekh , Somasekhar and Kum.Darshini and Kum.Monisha. Shri K.V.Rao, Shakha President who led the mandatory "Oath-Taking" by the gathering

## TELANGANA

As a part of "Swami Vivekananda Birth Anniversary – Youth Day " celebrations, BVP Telangana Prant has organised Prant Level Essay Writing & Elocution Competition for school children at Hyderabad on Sunday, 7th February, 2016 in a big way. Top two students (1st & 2nd Prize Winners) in each category (Juniors & Seniors) from Branches were invited to take part in the event. In all, 35 students from 12 Schools have participated in the event. The topics given to Juniors for Essay Writing - Life and message of Swami Vivekananda, Elocution: - Swami Vivekananda: A Patriotic Saint. To Seniors for Essay Writing on Life history of Sardar Vallab Bhai Patel, Elocution on Contribution of Sardar Patel in Freedom Struggle & Integration of India. Students have demonstrated excellent skills both in Essay Writing and Elocution. Prizes were given to above winners and Participation Certificates were given to all the students.

## TAMILANDU & PONDICHERRY

**Anna Nagar :** Branch successfully conducted Sudarshani 2016 a visionary women programme on the theme work life balance for women. A panel discussion and essay writing and poster competition was held as a part of event reported Shri G.N. Balaji secretary.

***

# इतिहास के झरोखे में नवसंवत्सर

भारत का सर्वमान्य संवत विक्रम संवत है, जिसका प्रारम्भ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। ब्रह्म पुराण के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही सृष्टि का प्रारम्भ हुआ था और इसी दिन भारतवर्ष में काल गणना प्रारम्भ हुई थी। कहा है कि :

चैत्र मासे जगद्ब्रह्म समग्र प्रथमेऽनि

शुक्ल पक्षे समग्रे तु सदा सूर्योदये सति। - ब्रह्म पुराण

चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा बसंत ऋतु में आती है। बसंत ऋतु में वृक्ष, लता फूलों लदकर आह्लादित होते हैं जिसे मधुमास भी कहते हैं। इतना ही यह बसंत ऋतु समस्त चराचर को प्रेमाविष्ट करके समूची धरती को विभिन्न प्रकार के फूलों से अलंकृत कर जन मानस में नववर्ष की उल्लास, उमंग तथा मादकता का संचार करती है।

नव संवत्सर का इतिहास बताता है कि इसका आरम्भकर्ता शकरि महराज विक्रमादित्य थे। कहा जाता है कि देश की अक्षुण्ण भारतीय संस्कृति और शान्ति को भंग करने के लिए उत्तर पश्चिम और उत्तर से विदेशी शासकों एवं जातियों ने इस देश पर आक्रमण किए और अनेक भूखण्डों पर अपना अधिकार कर लिया और अत्याचार किए जिनमें एक क्रूर जाति के शक तथा हूण थे।

ये लोग पारस कुश से सिंध आए थे। सिंध से सौराष्ट्र, गुजारत एवं महाराष्ट्र में फैल गए और दक्षिण गुजरात से इन लोगों ने उज्जयिनी पर आक्रमण किया। शकों ने समूची उज्जयिनी को पूरी तरह विध्वंस कर दिया और इस तरह इनका साम्राज्य शक विदिशा और मथुरा तक फैल गया। इनके क्रूर अत्याचारों से जनता में त्राहि-त्राहि मच गई, तो मालवा के प्रमुख नायक विक्रमादित्य के नेतृत्व में देश की जनता और राजशक्तियाँ उठ खड़ी हुई और इन विदेशियों को खदेड़ कर बाहर कर दिया।

इस तरह महाराज विक्रमादित्य ने शकों को पराजित कर नए युग का सूत्रपात किया जिसे विक्रमी संवत् कहा जाता है।

राजा विक्रमादित्य की वीरता तथा युद्ध कौशल पर अनेक प्रशस्ति पत्र तथा शिलालेख लिखे गए जिसमें यह लिखा गया कि ईशा पूर्व 57 में शकों पर भीषण आक्रमण कर विजय प्राप्त की।

**सम्पूर्ण देश में नवसंवत्सर मनाया जाता है:**

- आन्ध्र प्रदेश में युगाधि या उगादि तिथि कहकर इस सत्य की उद्घोषणा की जाती है। वीर विक्रमादित्य की विजय गाथा का वर्णन अरबी कवि जरहाम किनतोई ने अपनी पुस्तक 'शायर उल ओकुल' में किया है।
- सिन्धु में नव संवत्सर को 'चेटी चंडो' चैत्र का चंद्र नाम से पुकारा जाता है जिसे सिंधी हर्षोल्लास से मनाते हैं।
- कश्मीर में यह पर्व 'नौरोज' के नाम से मनाया जाता है जिसका उल्लेख पंड़ित जवाहरलाल नेहरु ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि वर्ष प्रतिपदा 'नौरोज यानी' न्यूरोज अर्थात् नया शुभ प्रभात जिसमें लड़के-लड़कियाँ नए वस्त्र पहनकर बड़े धूमधाम से मनाते हैं।
- हिन्दू संस्कृति के अनुसार नव संवत्सर पर कलश स्थापना कर नौ दिन का व्रत रखकर माँ दुर्गा की पूजा प्रारम्भ कर नवमीं के दिन हवन कर माँ भगवती से सुख-शान्ति तथा कल्याण की प्रार्थना की जाती है। जिसमें सभी लोग सात्विक भोजना, व्रत, उपवास, फलाहार कर नए भगवा झण्डे तोरण द्वार पर बांधकर हर्षोल्लास से मनाते है।

**कैसे करें नवसंवत्सर का पूजन :**

- इस दिन प्रात: नित्य कर्म कर तेल का उबटन लगाकर स्नान आदि से शुद्ध एवं पवित्र होकर हाथ में गंध, अक्षत, पुष्प और जल लेकर देश काल के उच्चारण करें। इससे सुख समृद्धि प्राप्त होती है।
- पूजन के पश्चात विविध प्रकार के उत्तम और सात्विक पदार्थों से ब्राह्मणों को भोजन कराने के बाद स्वयं भोजन करना चाहिए।
- इस दिन पचांग श्रवण करें।
- इस दिन नया वस्त्र धारण करना चाहिए तथा घर को भगवा ध्वज, पताका, बंधनवार आदि से सजाना चाहिए।
- इस दिन नवरात्रि के लिए घटस्थापना और तिलक व्रत भी किया जाता है। इस व्रत में यथा संभव नदी, सरोवर अथवा घर पर स्नान करके संवत्सर की मूर्ति बनाकर उसका 'चैत्राय नम:', वसन्ताय नम:' आदि नाम मंत्रों से पूजन करना चाहिए। इसके बाद पूजन अर्चन करना चाहिए।

## निराशा के पार

आशा और निराशा सिक्के के दो पहलू है। आशा है तो हौसले हैं, हौसले हैं तो उम्मीद है, उम्मीद है तो सफलता है। इसके विपरीत निराशा है, तो कुछ भी नहीं है। न हौसले, न उम्मीद और न ही सफलता। निराशा क्या है? निराशा एक मनोदशा है, जो काम के प्रति अरूचि को दर्शाती है। निराश व्यक्ति उदास, दुखी,बेबस, चिडचिड़ा और बेचैन हो जाता है। निराश व्यक्ति अपने आपको इतना हताश पाता है कि उसके दिमाग में आत्महत्या करने तक का ख्याल आने लगता है। निराशा के भंवर से निकलने के कई रास्ते हैं। जिस तरह हर अंधेरी रात के बाद उजली सुबह होती है, उसी तरह निराशा के पार आशा की किरण है। बस हमारे-आपके देखने का फर्क है। कुछ लोग निराशा के अंधकार में ही खोए रहते हैं। अंधेरे को देखकर उन्हें लगता है कि अधेरा ही सब कुछ है, जबकि बाकी लोग अंधकार में रहकर आशा के किरण की खोज करते हैं, क्योंकि वे अंधेरे की पहचान करके प्रकाश की खोज में निकल पड़ते हैं। जब अंधेरा है तो प्रकाश भी होगा। जैसे जन्म है तो मृत्यु होगी ही। बात गांठ बांध लें कि अंधेरे का जन्म हुआ है, तो उसकी मृत्यु भी निश्चित है। एक राजा ने अपने सेनापति से कहा, दीवार पर कुछ ऐसा लिखो कि वह अच्छे और बुरे दोनों वक्त में याद करने लायक हो। सेनापति ने लिख, **यह समय भी कट जाएगा**। जी हाँ, न आशा स्थायी है और न निराशा। यह व्यक्ति के ऊपर है कि वह किसे अपने साथ रखता है - आशा को या निराशा को।

एक व्यक्ति को नदी पार करनी थी, लेकिन उसके पास नाव नहीं थी। किसी ने उससे पूछा कि ऐसे में वह नदी कैसे पार करेगा? उस व्यक्ति ने कहा, कश्तियाँ नहीं तो क्या, हौसले तो पास हैं। किसी व्यक्ति को बुरे से बुरे समय में भी हौसला और उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिए। बस, अपने कर्म करते जाना चाहिए। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि निराशा के बादलों को हटाने का एक सरल उपाय यह है कि जीवन में जब कभी आपके मन पर निराशा की छाया पड़ने लगे, तो तुरंत उन क्षणों को याद करने की कोशिश करें, जब आपने कोई बहुत बड़ा या बहुत अच्छा काम किया था, किस तरह उस समय लोगों ने आपकी प्रशंसा की थी और आपको किसी नायक की तरह सराहा था। - **महर्षि ओ३म्**

## पाठक पत्र

- **राजेन्द्र दीवान-करौली ( राजस्थान )** - फरवरी के अंक में नशा विरोधी अभियान के बारे में विचारोतेजक लेख पढ़ा। प्रसन्नता हुई। युवा पीढ़ी को इस महामारी से बचाने के लिए यह आवश्यक है।
- **गोविन्द चावला जी** लिखते हैं नीति में हुए रोचक परिवर्तन के लिए हार्दिक बधाई। उपप्रधान,अम्बाला छावनी।
- जिस नीति के केवल सम्पादकीय पढ़ कर छोड़ देते थे। अब पूरी नीति का एक-एक पन्ना पढ़ने का मन करता है। सुरुचिपूर्ण कथा, लेख, कविताओं के लिए बधाई। -**उत्तराखण्ड पश्चिम**
- नीति के मुख पृष्ठ का दृश्य बहुत मोहक लगा। साधुवाद, **कमल भाटिया, शिवपुरी**
- **मुकन सिंह राठौड़** लिखते है कि नीति में हुए रोचक परिवर्तन के कारण यह पारिवारिक पत्रिका बन गई है। बधाई - राजस्थान मध्य प्रान्तीय अध्यक्ष

## ऊपर से थोपे हुए संस्कार

किसी ने अपने मित्र को भोजन पर बुलाया है। और जैसा किसी को भोजन पर बुला लो और घर में कलह होता है। पत्नी नाराज है। तो जो भोजन ग्यारह बजे बन जाना चाहिए, बारह बज गये, वह बन ही नहीं रहा था। मित्र की वजह से वह कुछ कह भी नहीं सकती। लेकिन भीतर तो पीड़ा है। वह लम्बा रही है समय को, बर्तन जोर से गिर रहे हैं, दरवाजे जोर से लगाये जा रहे हैं। करीब-करीब सब बच्चे पीटे जा चुके हैं। बड़ा शोरगुल मचा है। पति भी क्रुद्ध बैठा है। कुछ कह भी नहीं सकता। अब कहे भी क्या? मित्र के सामने कुछ कहना भी ठीक नहीं है। प्रतीक्षा करना ही उचित है। भूख लगी है और मित्र भी बैठा है और उसको भी दिखाई पड़ रहा है जो हो रहा है।

आखिर पत्नी ने भीतर से झाँका और कहा कि सुनो जी, खीर तो तैयार होने के करीब है, लेकिन शक्कर नहीं है। अब यह एक नया उपद्रव। ग्यारह बजे से नहीं कहा उसने कि शक्कर नहीं है। अब एक बजे हैं और मित्र सामने बैठा है तो मित्र की तरफ देखकर पति एकदम आगबबूला हो गया, उसने कहा-शक्कर नहीं है तो मेरा भेजा डाल दे। मित्र ने सोचा कि अब झंझट बढ़ेगा, मैं अकारण फंस गया। पत्नी ने कुछ न कहा। चुपचाप चली गई। लेकिन 15-20 मिनट बाद वह फिर आई और पति से बोली कि शक्कर नहीं है चाय कैसे बनेगी? अब तो पति और भी आगबबूला हो गया। उसने कहा एक दफा कह दिया कि मेरा भेजा डाल दे। उसकी पत्नी ने कहा कि भेजा तो खीर में डाल दिया अब चाय में क्या डालूं?

कहने का तात्पर्य यही है कि जब तक भीतर में कलह है, गहन घृणा का भाव किसी के प्रति है तब तक मनुष्य का संस्कारित होना सम्भव नहीं है। अत: सबसे पहले अपने आपको सुधारने से ही परिवार संस्कारति हो पाता है। -**बोध कथा**

**Find Facts:-**

India is progressing but Indian media never informed the facts to the viewers. It is diverting the minds of Indian people from positive development to negative things like intolerance beef politics, dividing country on the caste and religion basis. As an intelligent well wiser of the country you must think. During last 2 or 3 month when media was busy in telling about intolerance, Reservation movement. Beef & JNU Politics, some achievements in progress as under:

1. India struck a unique deal of oil with UAE for 4 million barrel of oil almost free for 5 years.
2. Indian railways auctioned scrap for 300 crore through online
3. Make in India event signed a commitment of 15.2 lakh crore
4. 800 cars were shipped from Chennai to Gujarat through water transport dropping the transport cost upto 60 percent.

**See the other important development are-**

i) World Bank appreciated the scheme of clean India and declared financial support of 1.5 billion dollars.

ii) Nuclear energy agreement between India & Japan most appreciated by invention for energy alternative supporting solar energy exploitation.

iii) In the coming year Google will provide free wifi for 100 railway stations and give job opportunity for 20 lakh youths.

iv) H.R.D. Ministry has planned CBSE books will be available online for free.

When the media and newspapers have lost their conscious for social responsibilities, 21'st our duty to reach the message at its maximum **-Dr. B.D.Patel**

## RAIN WATER HARVESTING SYSTEM TO BE INSTALLED IN DANTA & DARGAH

Possibilities for the Recharge of one un reachaged well, two dry tube wells. He advised how to recharge the from the school, hostel buildings roof rain water. The students of the school were shown a presentation on rain water harvesting & its use in their campus. They promised to maintain the system which is about to be installed. Dr. Jain explained the simple, cheap, free of maintenance system by which they can save crores of litrers of the rain water. In his second presentation he showed how the addiction affect their health both physical & mental health. So they best way to save themselves from addiction is to say No for nay addiction. Otherwise soon you will be in their grip. Dr. Jain visited the premises of the Dargah of Diwane Shah in Kapasan to see the possibilities of Roof top rain water harvesting there. Then he showed his presentation there by which he explained the simple technique of the rain water harvesting. They agreed to implement before this monsoon.

## कमीज़

जब भी कोई बड़ा त्योहार आता वह बेटे के लिए नये कपड़े जरूर खरीदता। समय बीता! वह बूढ़ा हो गया और और बेटा जवान। घर की व्यवस्था भी अब बेटा ही करता।

त्योहार निकलते जा रहे थे। उसके पास एक ही कमीज़ थी। दीवाली का त्योहार नजदीक था। वह बेटे से बोला–इस बार दीवाली पर मेरे लिए एक कमीज़ खरीद देना। वैसे भी मेरे पास एक ही कमीज़ है, वह भी पुरानी हो गई है।

पुरानी ही हुई है, फटी तो नहीं है न! जब फट जायेगी ला देंगे। वैसे भी दीवाली पर खर्च बहुत हो गया है। साफ सफाई, फूल, पटाखे पर काफी खर्च हो गया है। बेटे ने लम्बा चौड़ा भाषण दिया।, तो वह दुखी मन लिये चुप हो गया।

तभी घर के सामने एक कार रूकी। छोटा भाई आया था। अन्दर आया और पांव छूकर बोला–जाने क्यों दो–तीन दिन से आपकी बड़ी याद आ रही थी। इसलिए मिलने चला आया। छुट्टी नहीं थी, अभी वापस जाना है। फिर पैकेट देते हुए बोला–भैय्या आपके लिए दो कमीज़ लाया हूँ, लीजिए। **–नरेन्द्र**

## क्या हम भी कुछ कर सकते हैं?

मीडिया की गति के बारे में हम सब जानते हैं। सोशल मीडिया, नेटवर्किंग, व्हॉट्सएप्प पर समाचार और वीडियों वायरल होने की घटनाएँ चरम पर है। राजनेताओं के नोक झोक, सिने तारिकाओं के दृश्य, अदृश्य कथानक, उनकी आदते, विचार वायरल होने की चरम पर है। देश में अनेक प्रेरक और अनुकरणीय सामाजिक घटनाएँ होती है जो दिल को छू जाती है। नौजवानों के लिए प्रेरणा प्रद होती है। ऐसे कुछ समाचार :

- बुन्देलखण्ड में आमजन के सहयोग से रोटी बैंक चल रहा है। प्रतिदिन 4-6 रोटियाँ प्रति व्यक्ति एक स्थान पर जमा करते हैं उन्हें जरूरतमंद गरीब, भूखे, असहायों को बांटा जाता है।
- पुणे के रोहित इकोएड के द्वारा नगर को पोलीथिन मुक्त कराने में लगे है। रोहित, सुधीर और सत्य प्रकाश एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कागज के थैले बनाने का काम सिखाते हैं। जिससे महिलाएँ 3000/- प्रतिमास की आमदनी कर रही है।
- नारायण विहार के 3 बच्चे राष्ट्रीय विद्यालय खेल स्पर्धा में भाग ले रहे हैं। श्रीमती ममता कोछड़ के संस्कार केन्द्र मे से ये बच्चे अत्यन्त निर्धन परिवारों के हैं इन बच्चों के सपने जगे। सपनों को पूरा करते हुए ये बच्चे ताइक्वान्डो की स्पर्धा में भाग ले रहे हैं।
- इरादा बना लिया परिवर्तन की वयार बहने लगी। 35 वर्षीय मोहम्मद आकिल अपने मोहल्ले के बड़े बूढ़ों को अंगूठा लगाते देखते बड़ा दुखी होता। मित्रों से चर्चा की और जरूरतमंदों को शिक्षा देने की मुहिम चल पड़ी। पत्नी शाइज्ता और बेटी आलिया भी मदद करती है।
- जे.एन.यू. का एक रूप यह भी है। शोध छात्र तीर्थंकर भट्टाचार्य गरीब छात्रों को पढ़ाते हैं और आर्थिक दृष्टि से मदद भी करते है। काम करने वाले मजदूर की बेटी प्रियंका बघेल उनकी प्रेरणा से बी.ए.आनर्स कर रही हैं प्रियंका ने भी गरीबों को पढ़ाने का संकल्प लिया है।

-सभार-शिक्षा उत्थान

## करो तो कुछ ऐसा करो

वाराणसी के मेडिकेयर हस्पताल की डॉ. शिप्रा ने 'बेटी नहीं है बोझ, बदलेंगे हम सोच' योजना एक मिशन बन गई।। लगभग डेढ़ साल पहले जब किसी परिवार में बच्ची पैदा होती थी तो परिवार मायूस हो जाते थे। कभी-कभी कहते थे कि मेरी बेटी को चीर दिया और बेटी पैदा हो गई। इस मिशन के कारण सोच में परिवर्तन आया है। अब जब बेटी का जन्म होता है तो माहौल खुशनुमा होता है। इस अस्पताल में बेटियों के जन्म पर कोई फीस नहीं ली जाती। डॉ. शिप्रा इस मिशन को जीवन भर चलाना चाहती हैं। वरूणा शाखा वाराणसी की सदस्या के अस्पताल में 100वीं बेटी का जन्म 23 फरवरी, 2016 को हुआ। 25 जुलाई, 2014 को पहली बेटी का जन्म हुआ था। इस मिशन के कारण डॉ. शिप्रा को नोएडा शाखा द्वारा सम्मानित किया गया। वरूणा शाखा के अध्यक्ष डॉ. एम.के.श्रीवास्तव तथा डॉ. शिप्रा के काशी मेडिकेयर अस्पताल में 5 मार्च को 102वीं कन्या का जन्म हुआ। नि:शुल्क उेलीवरी के साथ कन्या को उपहार भी देती हैं वे शीघ्र ही सभी कन्याओं के परिजनों का एक सम्मेलन कर बच्चियों को कन्या समृद्धि योजना का खाता खुलवाकर उन्हें उपहार देंगी। - **बधाई डॉ. शिप्रा**।

मेरे दोस्त।

देश द्रोह के आरोप में जमानत पर रिहा होने के बाद कन्हैय्या का भावात्मक, व्यंगात्मक भाषण टी.वी. चैनलों पर ऐसे प्रसारित हुआ जैसे स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का भाषण। सुनकर अच्छा लगा भारत माता की जय, सत्यमेव जयते में विश्वास जताया। अपनी माँ से बात नहीं करता था। जेल से लोटने पर गरीब माँ की याद आई। वे कहता है भुखमरी, भ्रष्टाचार और जातिवाद से उसे आज़ादी चाहिए। भाई इन कुरीतियों से तो भारत को ही आज़ादी चाहिए। यह तो देश का हर नौजवान चाहता है। इसलिए तो उसने विकासवाद चुना है। तुम कहते हो यह विचारधाराओं की लड़ाई है। हम भी मानते हैं यह राष्ट्रद्रोह वनाम राष्ट्रवाद की लड़ाई है। यह तर्क वनाम कुतर्क, हिंसा वनाम अहिंसा, दिखावा वनाम यथार्थ, नक्सलवाद वनाम विकासवाद की लड़ाई है। दुख हुआ तुम्हारे सुर बदले हैं, सोच नहीं बदली। मेरे युवा साथी मार्क्सवाद एक विचारधारा है जो संसार के अनेक देशों ने नकार दी है। इसका विकासवाद से कोई सरोकार नहीं है। यह क्रानित की बात करता है। खुशहाली की नहीं। यह दिवा स्वप्न है यथार्त नहीं।

- **अजीत रमन शाह**